RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 20 अगस्त 2023 | वर्ष 05 | अंक 116 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## महाराष्ट्र के 13 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी !

### लगभग 40 किलो गोल्ड और एक करोड़ से अधिक कैश जब्त



**मुंबई** : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महाराष्ट्र में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने 17 अगस्त (गुरुवार) को राज्य के जलगांव, नासिक और ठाणे में 13 ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान ईडी ने लगभग 40 किलो सोना और 1.11 करोड़ कैश और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए। यह मामला लोन धोखाधड़ी की मनी लॉन्ड्रिंग का है। ईडी की यह छापेमारी राजमल लखीचंद ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड, आर एल गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड और मनराज ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड और उनके प्रमोटर ईश्वरलाल शंकरलाल जैन लालवानी, मनीष ईश्वरलाल जैन लालवानी, पुष्पा देवी और नीतिका मनीष जैन के ठिकानों जुड़ी थी।

ईडी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, ईडी ने राजमल लखीचंद ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड, आर एल गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड और मनराज ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड और उनके प्रमोटर ईश्वरलाल शंकरलाल जैन लालवानी, मनीष ईश्वरलाल जैन लालवानी, पुष्पा देवी और नीतिका मनीष जैन द्वारा किए गए लोन धोखाधड़ी की मनी लॉन्ड्रिंग जांच में 17 अगस्त को जलगांव, नासिक और ठाणे में 13 परिसरों पर PMLA, 2002 के प्रावधानों के तहत तलाशी अभियान चलाया। ईडी ने कहा, तलाशी अभियान के दौरान विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज, 24.7 करोड़ रुपये मूल्य के 39.33 किलोग्राम सोने और हीरे के आभूषण और 1.11 करोड़ रुपये की नकद राशि मिली, जिसे जब्त कर लिया गया है।

## रतन टाटा को मिला महाराष्ट्र का पहला 'उद्योग रत्न' पुरस्कार

### सीएम शिंदे के साथ दोनों उप मुख्यमंत्री पहुंचे सम्मान देने...



**मुंबई** : देश के नामी उद्योगपति और टाटा संस के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा को महाराष्ट्र सरकार ने 'उद्योग रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया है. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार ने महाराष्ट्र सरकार का पहला 'उद्योग रत्न' पुरस्कार रतन टाटा को उनके कोलाबा स्थित आवास में प्रदान किया. रतन टाटा को सम्मानित करने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि रतन टाटा को 'उद्योग रत्न' के रूप में सम्मानित करने से पुरस्कार की प्रतिष्ठा बढ़ गई है. उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों में टाटा समूह का योगदान बहुत बड़ा है, और टाटा विश्वास का प्रतीक है. पुरस्कार पाने के बाद 85 वर्षीय रतन टाटा ने सभी को धन्यवाद दिया. महाराष्ट्र सरकार ने पिछले 28 जुलाई को महाराष्ट्र उद्योग रत्न पुरस्कार रतन टाटा को देने का ऐलान किया था. इसमें महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम की ओर से एक शॉल, एक प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया है.

#### टाटा स्टील से शुरू किया था काम

**बड़े कारोबारी ग्रुप की कमान संभालने से पहले रतन टाटा ने एक कर्मचारी की तरह 70 के दशक में टाटा स्टील, जमशेदपुर में काम किया. बारीकियां समझीं और फिर अपनी मेहनत और काबिलियत की दम पर टाटा के कारोबार को बुलंदियों पर पहुंचाया. रतन टाटा ने 1991 में पूरे ग्रुप की कमान अपने हाथों में ली थी.**


## नवी मुंबई में मादक पदार्थ बरामद... एक व्यक्ति हुआ गिरफ्तार



**ठाणे** : नवी मुंबई में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके पास से साढ़े दस लाख रुपये मूल्य का मेफेड्रोन या मादक पदार्थ एमडी जब्त किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नवी मुंबई के मादक पदार्थ निरोधक सेल (एएनसी) ने एक सूचना के आधार पर बृहस्पतिवार को तलोजा से आरोपी को गिरफ्तार किया। खारघर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने कहा, ''आरोपी हबीब अजीज चौधरी के पास से 105 ग्राम मेफेड्रोन जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच जा रही है।

## मुंबई में सेक्सॉर्टशन रैकेट... यहां मिली फरार मॉडल की लोकेशन

**मुंबई** : मुंबई में एक मॉडल ने 50 से ज्यादा लोगों को हुश्न के जाल में फंसाकर सेक्स वीडियो बना लिया। जानकारी के मुताबिक महिला लोगों को अपने घर बुलाती थी और उनके साथ सेक्सुअल रिलेशन बनाते हुए वीडियो रिकॉर्ड कर लेती थी। बाद में इस वीडियो के जरिए इन लोगों को ब्लैकमेल किया जाता था और शुरू होता था वसूली का खेल। बताया जाता है कि उसने करीब 35 लाख रुपए वसूले थे। इस सेक्सॉर्टशन गैंग का खुलासा हाल ही में कर्नाटक पुलिस ने किया है। मामला तब जानकारी में आया जब एक पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत करने वाले व्यक्ति ने बताया कि महिला का नाम नेहा उर्फ मेहर है। मेहर के साथ पीड़ित मैसेजिंग



प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर जुड़ा था। इसके बाद दोनों वॉट्सऐप पर भी बातचीत करने लगे। इसी दौरान महिला ने बताया कि उसका पति दुबई में काम करता है। इसके बाद महिला ने उस व्यक्ति के साथ सेक्स संबंध बनाने की इच्छा जताई। पुलिस में दर्ज शिकायत के मुताबिक महिला ने उसके साथ अपनी फोटो और पता भी शेयर किया।

पीड़ित के मुताबिक तीन मार्च को करीब 3 बजकर 30 मिनट पर वह मेहर के घर पहुंचा। उसने आरोप लगाया कि जब वह महिला के साथ बेडरूम में था तभी तीन लोग अंदर आए। उन लोगों ने उनसे पूछा कि वह यहां किसलिए आया है। इसके बाद उन सभी ने पीड़ित को पीटना शुरू दिया। शिकायतकर्ता के मुताबिक पीटने के बाद इन लोगों ने उससे तीन लाख रुपए मांगे। साथ ही धमकी दी कि अगर पैसे नहीं दिए तो उसे नंगा करके गलियों में घुमाएंगे। इसके बाद मस्जिद ले जाकर खतना करके मेहर से उसका निकाह करा देंगे। पीड़ित ने बताया कि इसके बाद उसने मोबाइल नंबर से 21,500 रुपए ट्रांसफर की।

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि इसके बाद गैंग ने उसे रात करीब आठ बजे तक बंधक बनाए रखा। इसके बाद उससे कहा गया कि क्रेडिट कार्ड से 2.5 लाख रुपए ट्रांसफर करे। इस पर उसने कहा कि मेरा क्रेडिट कार्ड घर पर है। उसने आरोपियों से कहा कि मेरे साथ घर चलिए, वहां पर मैं पेमेंट कर दूंगा। घर आने के दौरान रास्ते में वह चकमा देकर गैंग के चंगुल से निकल भागा। पुलिस द्वारा केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू हुई। इस दौरान पता चला कि सेक्सॉर्टशन रैकेट ने 50 लोगों को अपने जाल में फंसाया था। इसके बाद उन्हें ब्लैकमेल करके 35 लाख से अधिक की वसूली की गई।

## कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा- खतरे में है सीएम शिंदे की कुर्सी

**मुंबई:** महाराष्ट्र में मचा सियासी भूचाल अभी तक थमा नहीं है। हर दिन विरोधी दल के नेताओं के बयान या फिर शिंदे गुट की बातों से सियासी माहौल को गरमा दे रहा है। इसी कड़ी में एक बार फिर उस वक्त सियासी हलचल तेज हो गई जब विधानसभा में कांग्रेस के नेता विपक्ष विजय वडेट्टीवार ने एक बयान देते हुए कहा कि, महाराष्ट्र में जो हो रहा है वह सही नहीं है। यह सरकार नहीं चलेगी। महाराष्ट्र में मुख्य कुर्सी (सीएम की कुर्सी) को खतरा है। जल्दी ही ये कुर्सी उनके हाथों से खिसकने वाली है। बता दें कि महाराष्ट्र में मची सियासी हलचल के बीच सीएम शिंदे का कुछ दिनों पहले एक बयान आया था। जहां पर एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा था कि पिछले एक



साल से मुझे चेकमेट करने का प्रयास किया जा रहा हैं। लेकिन उसके बाद भी ये सपना उनका पूरा नहीं हो पाया है। विपक्षी पार्टी यानी कांग्रेस, शिवसेना शिंदे सरकार को घरने का कोई भी मौका नहीं छोड़ रही है। वडेट्टीवार बीते कई दिनों से सरकार पर हमलावर हैं। महाराष्ट्र विधानसभा में कांग्रेस के नेता विपक्ष विजय वडेट्टीवार ने सितंबर महीने में राज्य की राजनीति में सीएम बदले जाने का दावा किया है।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### मोदी की निर्णायक बढ़त...

सत्ता पक्ष और विपक्षी खेमे ने अगले लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इसी सिलसिले में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन यानी संप्रग ने अपना चोला बदलकर आइएनडीआइए का रूप धारण कर लिया है। क्या यह चोला बदलना चुनावी सफलता में भी परिणत हो पाएगा? क्या पिछले दो चुनावों में एक के बाद एक मानमर्दन झेलने वाली कांग्रेस पार्टी की संभावनाएं बेहतर होंगी? निःसंदेह, रणनीतिक तौर पर तो आइएनडीआइए के सहयोगियों ने एक प्रकार से कांग्रेस का नेतृत्व स्वीकार कर लिया है, पर राहुल गांधी को संयुक्त विपक्ष का प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी घोषित करने को लेकर ऊहापोह कायम है। शायद इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता एक पहलू है।

पिछले दो लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने भाजपा से सीधे मुकाबले वाली 80 प्रतिशत से अधिक सीटें गंवाई हैं। यहां तक कि मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव हारने के कुछ महीनों बाद हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा इन राज्यों की 90 प्रतिशत से अधिक सीटें जीत गई। वर्ष 2019 में सत्ता विरोधी रुझान के बावजूद भाजपा 2014 की तुलना में कहीं अधिक सीटें जीतने में सफल रही। ऐसे में इस बार भी कांग्रेस के लिए इस रुझान को पलटना खासा मुश्किल होगा।

अमूमन लोग सवाल उठाते हैं कि 37.26 प्रतिशत वोट पाने वाली भाजपा कैसे व्यापक प्रतिनिधित्व वाली सरकार देने का दावा कर सकती है। इस आम धारणा के उलट तथ्य यही है कि 2019 में भाजपा के 74 प्रतिशत सांसदों को 50 प्रतिशत से अधिक वोट मिले थे। यानी इन सीटों पर यदि विपक्ष का संयुक्त उम्मीदवार भी उतरता तो भाजपा के प्रत्याशी की जीत तय थी। वर्ष 1984 के बाद से किसी भी राजनीतिक दल को ऐसी अप्रत्याशित सफलता नहीं मिली। भाजपा को यह चमत्कारिक सफलता मोदी लहर के दम पर हासिल हुई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने वंचित वर्ग के लिए प्रभावी कल्याणकारी योजनाओं, विश्वपटल पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की त्रयी से सफलता का यह मंत्र रचा है। फिलहाल, इस त्रिवेणी की किसी भी धारा के प्रवाह पर कोई संकट नहीं दिखता। पार्टी से इतर गठबंधन की बात करें तो इस मोर्चे पर भी आइएनडीआइए की तुलना में भाजपा के नेतृत्व वाला राजग कहीं ज्यादा दमदार दिखता है। राजग के सहयोगियों में जहां मतों के हस्तांतरण की क्षमता अधिक है वहीं आइएनडीआइए में साझेदार दल एक ही वर्ग के वोटों के लिए प्रतिस्पर्धा में लगे हैं।

राजग के खेमे में ओमप्रकाश राजभर भाजपा के लिए गाजीपुर जैसी लोकसभा सीट पर जीत दिलाने में उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं, जो सीट भाजपा मामूली अंतर से हार गई थी। वहीं सपा और कांग्रेस उत्तर प्रदेश में भाजपा के मतदाताओं में उस प्रकार सेंध लगाने में सक्षम नहीं। यहां तक कि उत्तर प्रदेश में सपा और बसपा का गठबंधन भी भाजपा की राह नहीं रोक पाया। यदि सपा-बसपा गठजोड़ ऐसा नहीं कर पाया तो आइएनडीआइए के घटकों के लिए ऐसा करना आसान नहीं होगा। भाजपा के विरुद्ध जमीनी स्तर पर बने अनुकूल माहौल को पलटने के लिए आइएनडीआइए के नेताओं को खासा जोर लगाना होगा और ठोस नीतियों एवं किसी विश्वसनीय नेता के अभाव में उनके लिए अभीष्ट की पूर्ति मुश्किल होगी।

जहां तक भाजपा का प्रश्न है तो अगले चुनाव में उसकी संभावनाएं बिहार, महाराष्ट्र और बंगाल में उसके प्रदर्शन पर बड़ी हद तक निर्भर करेंगी। बिहार में पार्टी के लिए कमोबेश वैसी ही स्थिति है जैसी 2014 के चुनाव में थी। नीतीश कुमार की खिसकती राजनीतिक जमीन और छोटे-छोटे सहयोगियों के साथ भाजपा यहां 2014 का अपना प्रदर्शन दोहरा सकती है। वहीं, महाराष्ट्र में अजीत पवार के नेतृत्व वाले राकांपा के धड़े के भाजपा से जुड़ने के बाद उद्धव गुट वाली शिवसेना की वजह से होने वाले संभावित नुकसान की भरपाई हो सकती है। बंगाल में भी स्थानीय निकाय और विधानसभा चुनावों के चाहे जो परिणाम रहे हों, लेकिन लोकसभा चुनाव को लेकर तृणमूल अभी तक भाजपा की राह में अवरोध उत्पन्न करने लायक कोई ठोस विमर्श तैयार नहीं कर सकी है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# महाराष्ट्र की राजनीति में एक नई एंट्री...

## शरद पवार का भतीजे से हुआ मोहभंग... अब पोते पर लगाएंगे दांव

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में दो फाड़ के बाद शरद पवार की नई राजनीतिक भूमिका को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। अटकलें हैं कि वे भाजपा के साथ जा सकते हैं। लेकिन 82 वर्षीय शरद पवार इन अटकलों को सिरे से खारिज करते हुए एनसीपी को फिर से खड़ा करने की मुहिम पर निकल पड़े है। पवार अब भतीजे अजित पवार की जगह पोते रोहित पवार पर दांव लगाएंगे। बीड में हुई एनसीपी (शरद गुट) की पहली स्वाभिमान सभा में इसके साफ संकेत मिले है। एनसीपी संस्थापक शरद पवार की बीड में हुई स्वाभिमान सभा में रोहित पवार ही छाये रहे। यहां तक कि एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल को भी भाषण देने का मौका नहीं मिला। जनसभा में



उपस्थित लोगों की मांग पर जयंत पाटिल की जगह रोहित पवार ने भाषण दिया और जमकर तालियां बटोरी। एनसीपी के वरिष्ठ नेता व पूर्वमंत्री जितेन्द्र आव्हाड ने भी मंच से अपने भाषण में कहा कि बेटा भले ही बाप से दूर हो जाए लेकिन दादा-पोते का संबंध अलग होता है वह उनसे दूर नहीं जा सकता। आव्हाड के इस बयान से साफ हो गया है कि पार्टी में रिक्त हुई उपमुख्यमंत्री अजित पवार की जगह अब रोहित पवार को मिलेगी। एनसीपी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि राज्य में 30 से 60 वर्ष के मतदाताओं में अजित पवार का क्रेज है जबकि रोहित पवार के जरिए शरद पवार 18 से 35 वर्ष के मतदाताओं को साधेंगे।

**युवाओं के बल पर पवार ने खड़ी की थी एनसीपी**

सोनिया गांधी के विदेशी मूल के मुद्दे पर 10 जून 1999 में शरद पवार ने जब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की स्थापना की थी तब युवा नेतृत्व अजित पवार, जयंत पाटिल, आर.आर.पाटिल, दिलीप वलसे पाटिल आदि को लेकर आगे बढ़े थे। इतना ही नहीं, उन्होंने बरिष्ठ नेताओं को दरकिनार कर कांग्रेस-एनसीपी गठबंधन की सरकार बनने पर इन्हीं युवाओं को मंत्री भी बनाया था। एनसीपी में टूट के बाद शरद पवार एक बार फिर उसी फामूर्ले पर आगे बढ़ने वाले हैं।

**कौन हैं रोहित पवार**

बीते तीन दशक से महाराष्ट्र की राजनीति में पवार घराने का वर्चस्व है। 37 वर्ष के रोहित पवार एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार के छोटे भाई अप्पासाहेब पवार के बेटे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के चचेरे भाई राजेन्द्र पवार के पुत्र हैं। रोहित पहली बार कर्जत-जामखेड सीट से विधानसभा पहुंचे हैं। वह शरद पवार और उनकी बेटी सांसद सुप्रिया सूले के बेहद भरोसेमंद हैं। पार्टी में टूट के बाद रोहित मुश्किल की घड़ी में साये की तरह शरद पवार के साथ देखे जाते हैं।

## नवी मुंबई में बुजुर्ग व्यक्ति से साइबर अपराधियों ने की 17 लाख रुपये की ठगी




**ठाणे** : नवी मुंबई में एक बुजुर्ग व्यक्ति से ऑनलाइन कार्य के बदले भुगतान किए जाने के बहाने साइबर जालसाजों ने कथित तौर पर 17 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को नेरुल पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा, ''चार लोगों ने खुद को एक प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए अलग-अलग तारीखों पर बुजुर्ग व्यक्ति को कॉल किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर विभिन्न उत्पादों के लिए अपने विचार साझा करने के वास्ते व्यक्ति को भुगतान करने की पेशकश की। उन्होंने बताया कि बुजुर्ग व्यक्ति ने उन पर विश्वास कर अप्रैल से मई 2023 तक कई किस्तों में उन्हें कुल 17 लाख रुपये दिए। अधिकारी ने कहा, ''बाद में पीड़ित को एहसास हुआ कि उसके साथ ठगी हुई है। पीड़ित की शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420 (धोखाधड़ी), 34 (समान इरादा) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## चोरों ने तोड़ा एटीएम... नकदी नहीं मिलने पर लौटे खाली हाथ



**पालघर** : महाराष्ट्र के पालघर शहर के पास कुछ चोरों ने शनिवार तड़के एक राष्ट्रीयकृत बैंक की ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम) तोड़ दी, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा क्योंकि एटीएम के अंदर कोई नकदी नहीं थी। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना पालघर तालुका के मसवान गांव में हुई। मनोर पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा, कुछ बदमाश देर रात करीब दो बजे एक राष्ट्रीयकृत बैंक के एटीएम कियोस्क में घुस गए। उन्होंने न केवल एटीएम बॉक्स को तोड़ दिया, बल्कि कमरे के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि हालांकि, वे एटीएम से कुछ भी नहीं ले जा सके क्योंकि उसमें नकदी नहीं थी। उन्होंने बताया कि मशीन में कुछ मरम्मत का काम चल रहा था इसलिए नकदी नहीं डाली गई थी। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है, लेकिन उनकी अभी पहचान नहीं हो पाई है।




# नासिक में राजस्व अधिकारियों की भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक, एक गिरफ्तार



**नासिक :** महाराष्ट्र के नासिक शहर में राजस्व अधिकारियों की भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक करने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी गणेश शमसिंग गुसिंग को बृहस्पतिवार को शहर के पंचवटी इलाके में परीक्षा केंद्र के बाहर संदिग्ध रूप से घूमते हुए पाये जाने के बाद पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन बरामद किये, जिनमें प्रश्नपत्र की तस्वीरें थीं और इनका इस्तेमाल कर वह परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों की मदद कर रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से एक वॉकी-टॉकी सेट, एक सिम कार्ड, हेडफोन और एक टैबलेट भी जब्त किया गया है। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ में उस व्यक्ति ने स्वीकार किया कि वह परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को उत्तर बताकर उनकी मदद कर रहा था। उन्होंने बताया कि म्हासरुल पुलिस थाने में इस संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है।

# महाराष्ट्र में इस साल औसत कम बारिश, प्रमुख बांधों में पानी का स्टोरेज पिछले साल से कम

## आईएमडी ने 19 और 20 अगस्त तक अगले दो दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया

## विदर्भ, मराठवाड़ा, उत्तरी महाराष्ट्र के नंदुरबार को छोड़कर सभी जिलों के लिए येलो अलर्ट

**मुंबई:** महाराष्ट्र में सभी का ध्यान इस बात पर टिक गया है कि राज्य में मॉनसून दोबारा कब सक्रिय होगा। महाराष्ट्र सरकार के कृषि विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, राज्य में इस साल औसत की 89 फीसदी बारिश हुई है। अगस्त माह में भारी बारिश के कारण किसान संकट में हैं। वहीं राज्य के प्रमुख बांधों में भी पानी का स्टोरेज पिछले साल की तुलना में कम होने से चिंता बढ़ गई है। पिछले साल इसी दौरान राज्य के बांधों में 80.90 फीसदी पानी जमा था। इस पर गौर करें तो फिलहाल 61 फीसदी पानी बांधों में है। इसलिए सबका ध्यान इस बात पर है कि बारिश कब वापसी करेगी? भारतीय मौसम विभाग ने अगले चार दिनों के लिए बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है!

**मराठवाड़ा और विदर्भ के लिए येलो अलर्ट**

भारत मौसम विज्ञान विभाग के क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र मुंबई ने अगले चार दिनों के लिए राज्य में बारिश की स्थिति को लेकर



चेतावनी जारी की है। 19 अगस्त यानी आज के लिए विदर्भ के नागपुर, भंडारा, गोंदिया, गढ़चिरौली और चंद्रपुर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जलगांव समेत विदर्भ के बाकी जिलों और मराठवाड़ा के जिलों को येलो अलर्ट दिया गया है।

**इन जलिों में येलो अलर्ट**

19 अगस्त को विदर्भ, मराठवाड़ा, उत्तरी महाराष्ट्र के नंदुरबार को छोड़कर सभी जिलों और अहमदनगर और सोलापुर के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। कल इन रीजनों सहित पालघर, ठाणे, मुंबई, रत्नागिरी, रायगढ़ और रत्नागिरी में बारिश की भविष्यवाणी की गई है।

**बिजली चमकने के साथ बारिश होगी**


20 अगस्त को विदर्भ के सभी जिलों को येलो अलर्ट दिया गया है। इन जिलों में बिजली चमकने के साथ बारिश होगी। अनुमान है कि कोंकण के सभी जिलों में बारिश हो सकती है। अनुमान लगाया गया है कि 21 और 22 अगस्त को कोंकण के जिलों में भी बारिश हो सकती है।

**मॉनसून ब्रेक खत्म हो जाएगा**

पूर्वी भारत में कम दबाव का क्षेत्र बनने से मॉनसून ब्रेक खत्म होने वाला है। अगले सप्ताह हिमालय की तलहटी के पास फिर से मॉनसून सक्रिय होगा। अगस्त के अंत तक मॉनसूनी बारिश होगी। मौसम वैज्ञानिक अक्षय देवरस ने कहा है कि उस दौरान मध्य भारत में बारिश की मात्रा कम होगी।

# दंपती आत्महत्या मामले में चार आरोपी गिरफ्तार,

## भाई के अंगुली काटने के बाद पुलिस ने की कार्रवाई



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे में एक दंपती को कथित तौर पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार को चार लोगों को गिरफ्तार किया। इससे पहले, मृतक व्यक्ति के भाई ने मामले की जांच में देरी के विरोध में कैमरे के सामने अपनी उंगली काट ली। नंदकुमार नानावरे और उनकी पत्नी उज्वला नानावरे ने कथित तौर पर एक अगस्त को ठाणे के उल्हासनगर में अपने घर की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि सुसाइड नोट के आधार पर मामले में कमलेश निकम, नरेश गायकवाड़, गणपति कांबले और शशिकांत साठे को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह कार्रवाई तब की, जब नंदकुमार के भाई धनंजय नानावरे ने शुक्रवार को सतारा जिले के फलटन शहर के पास खंजर से अपनी उंगली काट ली।

धनंजय का एक कथित वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो में, धनंजय ने आरोप लगाया है कि इस मामले में एक मंत्री शामिल है और उनके भाई ने मरने से पहले मंत्री का नाम लिया था, लेकिन मंत्री के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। खंजर से अपनी एक उंगली काटने से पहले उन्होंने कहा कि जब तक न्याय नहीं मिल जाता, वह हर हफ्ते शरीर का एक-एक हिस्सा काटकर सरकार को भेजेंगे। बाद में वह फलटन शहर के पुलिस स्टेशन में उतरा और उसे अस्पताल ले जाया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि वह अब पुणे के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं।

# महाराष्ट्र में नहीं रुक रही है किसानों की आत्महत्या!

## यवतमाल में 3 दिनों में 5 किसानों ने दी जान...

**नागपुर :** पूर्वी महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में 13 से 15 अगस्त के बीच पांच किसानों ने फसलें खराब होने के कारण आत्महत्या कर ली। एक सामाजिक कार्यकर्ता ने शुक्रवार को यह दावा किया। एक स्थानीय अधिकारी ने इन घटनाओं की पुष्टि की, लेकिन कहा कि इन आत्महत्याओं की वजहों का अभी तक पता नहीं चल सका है। किसानों के कल्याण के लिए राज्य सरकार के वसंतराव नाइक शेतकारी स्वावलंबी मिशन के पूर्व अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता किशोर तिवारी ने दावा किया कि इस साल अब तक विदर्भ में 1,565 किसानों ने आत्महत्या की है। उन्होंने बताया कि यवतमाल



जिले में येराड गांव के निवासी मनोज राठौड़ (35) ने आर्थिक तंगी के कारण 15 अगस्त को फांसी लगा ली। उन्होंने बताया कि तेम्भी गांव के आदिवासी कृषक कर्ण किनाके (51) ने 14 अगस्त को आर्थिक तंगी की वजह से कर ली। तिवारी ने कहा कि उसी दिन उमर विहिर गांव के शालू पवार (42) ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि इनमें से दो किसानों की फसलों को जंगली जानवरों ने क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। उन्होंने दावा किया कि 13 अगस्त को तिवरंग गांव के किसान नामदेव वाघमारे (45) और लोहारा गांव के रामराव राठौड़ (42) ने आत्महत्या कर ली।

तिवारी ने कहा कि भारी कर्ज और फसल खराब हो जाने के कारण अमरावती जिले के शिराला गांव में भी एक किसान ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि मुख्य नकदी फसल कपास की मांग काफी कम हो गई है, जिससे किसान परेशान हैं, वहीं खेती की लागत अचानक बढ़ गई है और सरकारी बैंकों द्वारा बहुत कम ऋण दिए जाने से संकट और गंभीर हो गया है।




# जेजे अस्पताल में चिकित्सक अब जेनेरिक मेडिसिन ही लिखेंगे




**मुंबई :** मुंबई के भायखला स्थित जेजे अस्पताल में चिकित्सक अब इलाज के लिए आनेवाले मरीजों को केवल जेनेरिक मेडिसिन ही लिखेंगे। इस संबंध में अस्पताल प्रशासन की ओर से परिपत्र भी जारी कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं की तुलना में बहुत सस्ती होती हैं। ऐसे में गरीब मरीजों को इससे काफी राहत मिलेगी१।

गौरतलब है कि चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान निदेशालय के तहत महाराष्ट्र में पहले ही १८ मेडिकल व डेंटल कॉलेजों और अस्पतालों में जेनेरिक दवा की दुकानों शुरू करने का निर्णय लिया गया है। ये केंद्र सरकार की जेनेरिक मेडिसिन योजना के तहत शहरी स्थानीय स्व-सरकारी संगठनों के माध्यम से खुलेंगे। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, इस पैछसले से ग्रामीण अस्पतालों में जेनेरिक दवाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा हर छह महीने में जेनेरिक दवा केंद्रों के कामकाज की समीक्षा के लिए एक तकनीकी समिति का गठन किया जाएगा, जो अपनी रिपोर्ट चिकित्सा शिक्षा विभाग को भेजेगा। इसलिए विभाग ने नेशनल फेडरेशन ऑफ फार्मर्स प्रोक्योरमेंट प्रोसेसिंग एंड रिटेलिंग को-ऑपरेटिव ऑफ इंडिया (एनएसीओएफ) को राज्य के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में जेनेरिक दवा दुकानें स्थापित करने की अनुमति दी है।

ब्रांडेड दवाएं महंगी हैं, जबकि जेनेरिक दवाएं बहुत कम कीमत पर ही प्राप्त की जा सकती हैं। आमतौर पर ब्रांडेड और जेनेरिक दवाओं के बीच कीमत का अंतर ७० फीसदी तक हो सकता है। इस तरह जेनेरिक दवाएं खर्च को काफी कम कर सकती हैं।

# महज 9 दिनों में ऐप के जरिए 1,200 लोगों को करीब 1,400 करोड़ रुपए का चूना

**मुंबई :** चीनी नागरिक ने महज ९ दिनों में एक ऐप के जरिए १,२०० लोगों को करीब १,४०० करोड़ रुपए का चूना लगा दिया। हास्यास्पद बात यह है कि भाजपा, उसकी सरकारें और जांच एजेंसियां हिंदुस्थान में विपक्षी नेताओं को बेबुनियाद आरोप लगाकर परेशान करने में जुटी हैं। जबकि केंद्र और राज्य की भाजपाई सरकारों तथा उनकी जांच एजेंसियों तथा पुलिस को चीनी नागरिक द्वारा चपत लगाए जाने की भनक तक नहीं लगी। चीनी चीटर ने इसी का लाभ उठाया और विजय माल्या, ललित मोदी, नीरव मोदी व मेहुल चोकसी की तरह चुपचाप हिंदुस्थान की सीमा से बाहर निकल गया।



गुजरात पुलिस की सीआईडी को जून २०२२ में पता चला कि कुछ लोग 'दानी डेटा' नाम की एक ऐप के जरिए गुजरात और उत्तर-प्रदेश के लोगों को निशाना बना रहे थे। उत्तर-प्रदेश के आगरा जिले की पुलिस भी इसकी जांच कर रही थी। जांच में पता चला कि इस ठगी में उत्तरी गुजरात के भी कुछ लोग शामिल हैं।

आगे हुए खुलासे के अनुसार, चीनी नागरिक (वू युआंबे) साल २०२० और २०२२ के बीच भारत में था। उसने पाटन और बनासकांठा में भी कुछ वक्त गुजारा। इस दौरान वो बड़ी तादाद में लोगों से मिला और उन्हें पैसे कमाने का लालच दिया। उसके बाद उसने और उसके साथ के लोगों ने मई २०२२ में एक ऐप लॉन्च की। इस ऐप में बोली लगाने और बदले में बड़े फायदे के वायदे किए गए, जिसमें फंस कर १५ साल के लड़के से लेकर ७५ साल तक के बुजुर्गों ने ऐप पर जाकर फुटबॉल गेम्स पर बेटिंग लगाई।

कुल ९ दिन ऐप एक्टिव रही और फिर एक दिन ऐप अचानक बंद हो गई। तब लोगों को पता चला कि उनके साथ बड़ा खेल हो गया है। इस तरह युआंबे ने औसतन हर रोज २०० करोड़ रुपए ठग लिए।

जांच में जुटी सीआईडी की साइबर सेल ने इस मामले में ९ लोगों को पकड़ा तो पता चला कि आरोपियों ने शेल कंपनियां बनाकर हवाला नेटवर्क के जरिए पैसे भेजने में वू युआंबे की मदद की। चीनी नागरिक वू युआंबे धनशोधन और २,३०० करोड़ रुपए के हवाला लेनदेन में शामिल था, लेकिन यूआंबे भारत से चीन भाग चुका था। क्योंकि सीआईडी उस समय युआंबे के खिलाफ पर्याप्त सुबूत नहीं जुटा पाई थी। पुलिस के सूत्रों के मुताबिक युआंबे अभी भी चीन के शेंजेन प्रांत के अलावा हांगकांग और सिंगापुर से अपना नेटवर्क चला रहा है। ऑनलाइन ठगी के लिए उसने कई ऐप बना रखी हैं। उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू की जानी है। उसके खिलाफ लुक आउट सर्वुछलर (एलओसी) भी जारी किया गया है।

# तलाठी पद की परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक



**मुंबई :** नौकरी का सपना देखनेवाले राज्य के लाखों युवाओं के भविष्य के साथ राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार खिलवाड़ कर रही है। नौकरी भर्ती के नाम पर युवाओं को लूटने का भाजपा सरकार ने नया फंडा अपनाया है। यह आरोप कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष नाना पटोले ने लगाया है। उन्होंने कहा कि इस सरकार के कार्यकाल में ऐसी कोई परीक्षा नहीं है, जिसमें भर्ती प्रक्रिया में कोई घोटाला न हुआ हो। गुरुवार को तलाठी पद की परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो गया, जिससे राज्य के लाखों युवा निराश हो गए। यह सरकार परीक्षा भी ठीक से नहीं करा पा रही है। लगातार पेपर लीक हो रहे हैं, लेकिन राज्य सरकार इसे गंभीरता से नहीं ले रही है। उन्होंने मांग की है कि तलाठी परीक्षा पेपर लीक के पीछे जो लोग हैं, उन्हें कड़ी सजा दी जानी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी युवाओं के भविष्य के साथ इस तरह खिलवाड़ न करे।

पटोले ने कहा कि राज्य की तीन दलों की सरकार नौकरी भर्ती के नाम पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। ये परीक्षाएं निजी कंपनियों के माध्यम से आयोजित की जाती हैं। राज्य में ४,४६६ तलाठी पदों के लिए १० लाख ४१ हजार ७१३ अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इन अभ्यर्थियों से परीक्षा शुल्क के नाम पर करीब १ अरब ४ करोड़ १७ लाख रुपए वसूले गए हैं। लेकिन इन उम्मीदवारों को अपनी पसंद के परीक्षा केंद्र न देकर जिले से दूर परीक्षा केंद्र दिया गया। इसके चलते हजारों छात्र इस परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। इतना सब करने के बाद भी इस परीक्षा का पेपर लीक हो जाना, मेहनत से पढ़नेवाले मेधावी युवाओं की मेहनत पर एक तरह से पानी फेरने जैसा है।

# सावधान! रात को देर से सोते हैं उनकी मौत जल्दी होती है

**मुंबई :** मुंबई और दिल्ली जैसे कई शहरों में बीते कुछ सालों से लोगों की जीवनशैली में बहुत ज्यादा बदलाव आ गया है। इसमें ऐसे शहरों में देर रात तक जागने और कम नींद लेनेवाले लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। लेकिन हाल ही में किए गए एक अध्ययन में ऐसी जानकारी सामने आई है, जो वाकई ऐसे लोगों की नींद उड़ा देगी। इस नए अध्ययन से पता चला है कि जो लोग रात को देर से सोते हैं उनकी मौत जल्दी होती है। इसके साथ ही रात में जागने वाले लोगों में तंबाकू और शराब का सेवन अधिक देखा गया है। अध्ययन से यह भी पता चला है कि इससे पुरानी बीमारियां फिर से पैदा होने का खतरा बढ़ जाता है और यही



आदतें व्यक्ति की मौत के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार होती हैं।


क्रोनोबायोलॉजी इंटरनेशनल जर्नल में शुक्रवार को प्रकाशित अध्ययन २००२ के फिनिश ट्विन कोहार्ट के माध्यम से यह खुलासा किया गया है। अध्ययन में साल १९८१ से २०१८ तक लगभग २४,००० जुड़वा बच्चों पर डेटा एकत्र किया गया। इस अध्ययन में उनके स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार और बीमारी के कारणों का पता लगाने की कोशिश की गई। अध्ययन में प्रत्येक जुड़वा से यह सवाल पूछा गया कि क्या वे रात को देर से सोते हैं या सुबह जल्दी उठते हैं। उन्हें इसमें से एक ही विकल्प चुनने को कहा गया।

अध्ययन में यह भी जानकारी सामने आई कि देर रात तक जागने वाले लोगों में पुरानी बीमारियों के फिर से विकसित होने का खतरा अधिक होता है। इसमें बताया गया है कि रात में बैठने से एरोबिक फिटनेस का स्तर कम हो गया और उनकी वसा भी कम बर्न हुई दिखाई दी।




# किसान प्रीपेड बिजली मीटरों के खिलाफ करेंगे आंदोलन

## कम बारिश के कारण स्थिति बदहाल



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के खेतों में एक बड़ी लड़ाई होने वाली है, राज्य के किसान एक तरफ तेलंगाना के मुफ्त बिजली आपूर्ति मॉडल की मांग कर रहे हैं और एकनाथ शिंदे सरकार बिजली आपूर्ति के स्मार्ट कार्ड-आधारित मोदी मॉडल को खत्म करने की तैयारी कर रही है। केंद्र की संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के पहले चरण में 15,000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर राज्य के चार क्षेत्रीय डिवीजनों पुणे, औरंगाबाद, नागपुर और कोंकण में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की योजना है। महाराष्ट्र राज्य विद्युत बोर्ड की सहायक कंपनी महावितरण, जिसने इस उद्देश्य के लिए निविदाएं जारी की हैं।

देश में सबसे बड़ी बिजली वितरण उपयोगिता होने के नाते, महावितरण ने बिजली की आपूर्ति के लिए प्रीपेड मीटरों को अपनाने से कृषि क्षेत्र पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा। एडवांस्ड मीटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर (एएमआई) सेवा प्रदाताओं की नियुक्ति को जल्द ही अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। हालांकि राज्य विद्युत नियामक आयोग ने इस कदम को बहुत पहले ही मंजूरी दे दी थी, लेकिन यह अभी तक अधूरा ही रहा।

# चंद्रपुर के बाघ अभयारण्य में ऑनलाइन बुकिंग में 12 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का हुआ खुलासा

**चंद्रपुर :** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के ताडोबा अंधारी बाघ अभयारण्य की ऑनलाइन बुकिंग के लिए एक अनुबंध हासिल करने वाली कंपनी के संचालन से जुड़े दो भाइयों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों भाइओं पर ऑनलाइन बुकिंग में 12 करोड़ रुपये से अधिक की अनियमितता बरतने का आरोप है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान चंद्रपुर शहर निवासी अभिषेक विनोदकुमार ठाकुर और रोहित विनोदकुमार ठाकुर के रूप में हुई है। वे दोनों भाई हैं और उनके खिलाफ शुक्रवार को रामनगर पुलिस थाने में धोखाधड़ी का एक मामला दर्ज किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि संभागीय वन अधिकारी



सचिन शिंदे ने दोनों आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिनकी साझेदारी वाली कंपनी चंद्रपुर वाइल्ड कनेक्टिविटी सॉल्यूशन को ऑनलाइन बुकिंग का अनुबंध दिया गया था।

बयान के मुताबिक, दोनों आरोपी पिछले कुछ वर्षों से टीएटीआर में ऑनलाइन बुकिंग कर रहे हैं। हालांकि, हाल में यह पता चला कि आरोपियों ने कथित तौर पर टाइगर रिजर्व के प्रबंधन को 12,15,50,831 रुपये का भुगतान नहीं किया। वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, यह पाया गया कि उन्होंने टीएटीआर को आवश्यक राशि का भुगतान नहीं किया। नियमित लेखा-जोखा के दौरान उनकी अनियमितता सामने आई। जब अधिकारियों ने उनसे स्पष्टीकरण मांगा, तब वे भुगतान का विवरण देने में विफल रहे। उन्होंने बताया कि इसके बाद टीएटीआर प्रबंधन ने पिछले सप्ताह उसकी कंपनी की सेवाएं समाप्त कर दीं और ऑनलाइन बुकिंग के लिए एक नई एजेंसी नियुक्त की। पुलिस के अनुसार, 2020-21 से 2023-24 तक का विस्तृत ऑडिट किया गया। इसमें पाया गया कि कंपनी को टाइगर रिजर्व प्रबंधन को 22,80,67,749 रुपये का भुगतान करना था, लेकिन इसने केवल 10,65,16,918 रुपये का भुगतान किया। कंपनी ने प्रबंधन को 12,15,50,831 रुपये का भुगतान नहीं किया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अनुबंध के नियमों और शर्तों का उल्लंघन किया और उक्त राशि का गबन कर लिया। उसने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराएं 420 (धोखाधड़ी) और 406 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है। टीएटीआर को महाराष्ट्र का सबसे बड़ा बाघ अभयारण्य बताया जाता है।

# रात में घर देरी से पहुंची महिला तो 32 वर्षीय लिव-इन पार्टनर ने कर दी हत्या...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के नासिक शहर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। जहां एक महिला की उसके लिव-इन पार्टनर ने इसलिए हत्या कर दी, क्योकि रात में वह देरी से घर पहुंची थी। नासिक की होलाराम कॉलोनी में रहने वाली 29 वर्षीय महिला की उसके लिव-इन पार्टनर ने कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी। नासिक पुलिस ने बताया कि मृतक आरती पवार सात साल से 32 वर्षीय आरोपी श्याम पवार के साथ रह रही थी। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार को शाम को आरती के देर से घर आने पर श्याम को गुस्सा आ गया।




पुलिस ने कहा, ''इससे दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। बाद में आरोपी ने चाकू उठाया और महिला पर हमला कर दिया।''एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ''पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी श्याम पवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।''पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पालघर में पत्नी की गला घोंटकर हत्या

महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक महिला की उसके पति ने हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, पालघर के वाडा तालुका में एक व्यक्ति ने अपनी 32 वर्षीय पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था, इसलिए दोनों में विवाद हुआ। अधिकारी ने कहा कि हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# 47 लाख 20 हजार के एमडी ड्रग्स के साथ... नाइजेरियन सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई में एम डी ड्रग्स बेचने के मामले बढते ही जा रहे हैं। जिसको देखते हुवे डोंगरी पुलिस ने दो आरोपियों को अरेस्ट किया है। दोनों आरोपियों के पास से 47 लाख 20 हजार का एमडी ड्रग्स, कोकीन, चरस, एक देशी कट्टा, एक पिस्टल, 4 कारतूस, 12 पैकेट छर्रे, 1 तलवार, 1 चाकू, 1 वजन काटा, 26 मोबाइल, 3 सैमसंग का टैब, 1 मैकबुक, 1 लैपटॉप और 3 लाख 50 हजार नगद बरामद किया गया।

16 अगस्त को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि डोंगरी पुलिस स्टेशन के हद में चिंचबंदर क्रॉस लेन अशरफी मंजिल डोंगरी और मीरारोड में ड्रग्स बेचने वाले रहते हैं। डोंगरी पुलिस ने टीम बनाकर जाल बिछाया। जहा 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें एक नाइजेरियन नागरिक को गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों के पास से 47 लाख 20 हजार का एमडी ड्रग्स, कोकीन, चरस, एक देशी कट्टा, एक पिस्टल, 4 कारतूस, 12 पैकेट छर्रे, 1 तलवार, 1 चाकू, 1 वजन काटा, 26 मोबाइल, 3 सैमसंग का टैब, 1 मैकबुक, 1 लैपटॉप और 3 लाख 50 हजार नगद बरामद किया गया।

# मुंबई में राजस्थान भवन दे रहा है गम्भीर रोगों से पीड़ित लोगों के परिजनों और विद्यार्थियों को सस्ती और बेहतर सुविधाएँ

**मुंबई :** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पहल पर नवी मुंबई के वाशी इलाके में स्थित सरकारी राजस्थान भवन प्रदेश से जुड़े और गम्भीर रोगों से पीड़ित लोगों के परिजनों को सस्ती और बेहतर सुविधाएँ प्रदान की जा रहीं है । राजस्थान भवन मुंबई के उप महाप्रबंधक मनोज तिवारी ने बताया कि पिछले दो वर्षों में राजस्थान के अनेक लोग इस सुविधा का लाभ ले चुके हैं । तिवारी ने बताया कि यदि आपका कोई परिजन किडनी, कैंसर, हार्ट या लिवर की गंभीर बीमारी का इलाज मुंबई के किसी निजी या सरकारी अस्पताल में करवा रहा हो और आपके पास रुकने की कोई व्यवस्था नहीं है तो आप राजस्थान का आधार कार्ड या राजस्थान




के मूल निवासी का प्रमाण पत्र एवं मुंबई के अस्पताल जिसमें इलाज चल रहा है उसके दस्तावेज दिखाकर करीब 15 दिन के लिए एक डबल बेड रूम मात्र 400 रुपये प्रति दिन के हिसाब से बुक करा सकते हैं। इस कमरे की सामान्य बुकिंग दर 3080 रुपये है। उन्होंने बताया कि 400 रुपये पर डबल बेड रूम प्रतिदिन की यह सुविधा उच्च शिक्षा के बाद इंटरव्यू के लिए मुंबई आने वाले छात्रों को भी मिल रही है। इसके अलावा यहां रियायती दर पर भोजन और जलपान की सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जा रही हैं । मुंबई महानगर की गिनती भारत की वाणिज्यिक राजधानी के रूप में ही नहीं बल्कि विश्व के सबसे मंहगे मेट्रो सिटीज में भी होती है ।




# अफसरों से पहले मोदी को मिल जाती थी जानकारी

## मोदी ने शेयर किया पुराना किस्सा, बोले – सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ जीना है

**नई दिल्ली।** आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण वोटरों पर खास ध्यान दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 दिनों में अबतक तीन पंचायती राज परिषद को संबोधित कर उनका विश्वास जीतने की कोशिश की है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दमन-दीव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिला पंचायत में पार्टी कार्यकर्ताओं को वर्चुअली संबोधित किया। पीएम मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में उभारने के लिए जमीनी स्तर पर लोगों से जुड़ने और सुशासन की नैतिकता को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।



पीएम मोदी ने बीजेपी कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाते हुए कहा, बीजेपी की मूल ताकत उसका कार्यकर्ता है और कार्यकर्ता एक पार्टी पद है (बीजेपी में) जो हमेशा हमारे साथ रहता है. हम संगठन में विश्वास करते हैं, हम मूल्यों में विश्वास करते हैं, हम समर्पण में विश्वास करते हैं और हम सामूहिक जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ते हैं। हमारी मंशा है कि हम 5 साल में जो काम करेंगे उसे जनता कैसे याद रखे. हमें इस तरह से कार्य करना चाहिए कि यह सभी का हिस्सा बन जाए। हम जो भी कार्य करें उसे जीवन आंदोलन बनाना चाहिए। पीएम मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को आपस में कार्यभार समान रूप से बांटने का सुझाव दिया और उनसे व्हाट्सएप के माध्यम से जुड़े रहने और समन्वय बनाए रखने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने कहा, एक वर्ष में तीन (सामाजिक) समस्याएं चुनें और उनमें से प्रत्येक को चार महीने दें; तय करें कि हम विभागीय काम के साथ-साथ इस पर भी काम करेंगे। आप देखेंगे कि पांच साल में आप ऐसी 15 समस्याओं का समाधान आसानी से कर लेंगे। मैं चाहूंगा कि आप सभी एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं और एक-दूसरे के संपर्क में रहें। दूसरों को बताएं कि आपके जिले में क्या (विकास) हो रहा है और दूसरों के बारे में भी जानें। पीएम मोदी ने परिसंपत्ति निर्माण के लिए मनरेगा बजट के एक हिस्से का उपयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा , अनुदान 70,000 करोड़ रुपये हुआ करता था लेकिन अब यह 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

## 12 दिनों की शांति के बाद मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, 3 लोगों की गोली मारकर हत्या

**इम्फाल।** मणिपुर में 12 दिनों की शांति के बाद शुक्रवार तड़के फिर से हिंसा भड़क उठी। हथियार से लैस बदमाशों ने उखरुल जिले में तीन ग्राम रक्षा कर्मियों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना जिला मुख्यालय उखरूल शहर से लगभग 47 किमी दूर स्थित कुकी आदिवासियों के गांव थौवाई कुकी में सुबह 4-30 बजे के आसपास हुई। इस इलाके में नागा




जनजाति तांगखुल का प्रभुत्व है। मणिपुर में 3 मई से इंफाल घाटी में बहुसंख्यक मैतेई और आसपास के पांच जिलों में प्रभावी आदिवासी कुकी समुदायों के बीच जातीय झड़पें देखी जा रही हैं। इन झड़पों में 160 से अधिक लोगों की जान चली गई है। लगभग 50,000 लोग विस्थापित हुए हैं। आपको बता दें कि नागा राज्य की आबादी का लगभग 24 प्रतिशत हैं। अभी तक झड़पों में शामिल नहीं हुए हैं। राज्य की आबादी में मैतेई लोगों की संख्या लगभग 53त्न है जबकि कुकी लोगों की संख्या लगभग 16त्न है। उखरुल के पुलिस अधीक्षक एन वाशुम ने पुष्टि करते हुए कहा, हमारी जानकारी के अनुसार हथियारबंद बदमाशों का एक समूह पूर्व में स्थित पहाड़ियों से गांव में आया और ग्राम रक्षकों पर गोलीबारी शुरू कर दी।

# पन्ना जिले तक नर्मदा मैया का जल लाने के होंगे प्रयास : मुख्यमंत्री

## 677 करोड़ 49 लाख के विकास कार्यो का लोकार्पण - भूमिपूजन

- लाड़ली बहनों को देंगे 27 अगस्त को उपहार
- गुन्नौर के महाविद्यालय में विज्ञान कक्षाएं शुरू होंगी, कन्या विद्यालय का होगा उन्नयन
- पूर्व सरकार ने लगाया योजनाओं को पलीता - मुख्यमंत्री
- क्षतिग्रस्त तालाब की मरम्मत और भितरी मुटमुरू बांध का निर्माण किया जाएगा
- पन्ना जिले के गुनौर में जनदर्शन में उमड़े नागरिक



भोपाल। मुख्यमंत्री ने कहा है कि पन्ना जिले के गुन्नौर क्षेत्र में नर्मदा जल लाने के लिए तकनीकी परीक्षण करवाया जाएगा। पन्ना जिले के नागरिकों को नर्मदा मैया का पानी उपलब्ध कराया जायेगा। गुन्नौर के महाविद्यालय में विज्ञान की कक्षाएं प्रारंभ की जाएंगी। इसके साथ ही स्थानीय कन्या विद्यालय के उन्नयन की कार्यवाही भी की जाएगी। मुख्यमंत्री चौहान आज पन्ना जिले के गुन्नौर में जनदर्शन के पश्चात लाड़ली बहनाओं और नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री चौहान ने इस अवसर पर 677 करोड़ रूपए राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री चौहान ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्यान आकर्षित किए जाने पर कहा कि क्षेत्र में क्षतिग्रस्त तालाब की मरम्मत और भितरी मुटमुरू बांध निर्माण का कार्य किया जाएगा।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि जनकल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। पन्ना जिले के तीन नगरीय निकायों को विकास कार्यों के लिए गुन्नौर, अमानगंज और देवेन्द्र नगर के लिए एक-एक करोड़ रूपए की राशि प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि विभिन्न मांग पत्रों और नागरिकों के सुझावों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री चौहान ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्यान आकर्षित किए जाने पर कहा कि क्षेत्र में क्षतिग्रस्त तालाब की मरम्मत और बांध निर्माण का कार्य किया जाएगा।

### पूर्व सरकार ने लगाया योजनाओं को पलीता

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व सरकार ने योजनाओं के क्रियान्वयन पर पलीता लगा दिया था। आज मध्यप्रदेश तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी दिन-रात जनसेवा में लगे हैं। उन्होंने निर्धन तबके को निःशुल्क राशन उपलब्ध करवाने का कार्य किया है। मध्यप्रदेश सरकार भी आम जनता के कल्याण के लिए सक्रिय है। यहाँ 600 करोड़ रूपए की राशि से घर-घर तक पाइप लाइन से पानी पहुंचाने का कार्य हुआ है। मेडिकल और इंजीनियरिंग में होनहार विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश लिए जाने पर शिक्षण शुल्क देने की पहल की गई है। विद्यार्थियों को चाहे 10 लाख रूपए तक फीस भरनी हो, इसकी व्यवस्था राज्य सरकार करेगी। किसानों के लिए पर्याप्त सिंचाई जल और 6 हजार रूपए पीएम किसान निधि के साथ ही राज्य स्तर पर प्रतिवर्ष 6 हजार रूपए की राशि देने का कार्य किया जा रहा है।

# बढ़ते हेट स्पीच के मामलों पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

## पिछली सुनवाई में कोर्ट ने केंद्र सरकार को कमेटी बनाने का आदेश दिया था



**नई दिल्ली।** देशभर में हेट स्पीच और हेट क्राइम के बढ़ते मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई होगी। 11 अगस्त को मामले में पिछली सुनवाई हुई थी, तब कोर्ट ने केंद्र सरकार को ऐसे मामलों से निपटने के लिए एक कमेटी बनाने का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा था- हेट स्पीच और हेट क्राइम पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। भविष्य में ऐसी घटनाएं ना हों, इसके लिए मैकेनिज्म बनाना जरूरी है। हमें इस समस्या का हल निकालना होगा। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने मामले की सुनवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि समुदायों के बीच सद्भाव और सौहार्द होना चाहिए। हरियाणा के नूंह के बाद महापंचायत में मुस्लिमों के खिलाफ अभियान के विरोध में जर्नलिस्ट शाहीन अब्दुल्ला ने कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें कोर्ट से अपील की गई थी कि वह सरेआम नफरत भरे भाषणों पर रोक लगाने के लिए केंद्र को निर्देश दे।

### रैलियों में एक समुदाय की हो रही हत्या

याचिकाकर्ता ने बताया कि किस तरह देशभर में होने वाली रैलियों में एक समुदाय के सदस्यों की हत्या की जा रही है। इसके अलावा उनका आर्थिक और सामाजिक बहिष्कार किया जा रहा है।

# आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी-मेरा देश अभियान

## के अंतर्गत शिलाफलकम का लोकार्पण कर, स्वतंत्रता संग्राम सैनानी और अमर शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया

**सागर।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी- मेरा देश अभियान के अंतर्गत नगर निगम द्वारा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (नगर निगम कार्यालय के सामने) परिसर में देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों के परिजनों को देष भक्ति के गीतों से ओतप्रोत कार्यक्रम में सांसद श्री राजबहादुर सिह, नगर विधायक मान..शैलेन्द्र जैन, सागर कलेक्टर दीपक आर्य, नगर निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला, पार्षदों और जनप्रतिनिधियों द्वारा शहीदों के परिजनों का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया ।




इस अवसर पर सांसद राजबहादुरसिंह ने शहीदों के परिजनों को नमन करते हुए कहा कि देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तय किया गया कि देश को आजादी दिलाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो, अमर शहीदों की याद को हमेशा बनाए रखने और आने वाली पीढ़ी को अमर शहीदों से परिचित कराने हेतु दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण किया जाना है जिसमें पूरे देष के गांव-गांव की मिट्टी अमृत कलश के माध्यम से दिल्ली जाएगी जहां कर्तव्य पथ पर विशाल अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा और उसमें शहीदों की याद में पौधारोपण भी होगा ताकि वे पौधे बड़े होकर हमें अपने शहीदों की याद दिलाते रहे उन्होंने स्कूल की बच्चों से भी और उपस्थित नागरिकों से कहा कि हमारे अमर शहीदों को रखना है जिनकी बदौलत देश को यह स्वतंत्रता मिली।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये नगर विधायक शैलेन्द्र ने कहा कि देष को आजादी दिलाने वाले अमर शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों की यादों को सहेजकर रखने की आवष्यकता है ऐसे में मान.प्रधानमंत्री जी द्वारा मेरी माटी मेरा देष अभियान के तहत् शहीदों को याद करने हेतु का कार्य किया जा रहा है जो सराहनीय है, इससे नागरिकों में देष भक्ति का जब्बा और बढ़ेगा साथ ही देष के लिये बलिदान करने वाले शहीदों की जानकारी से आने वाली पीढी अवगत होती रहेगी।

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत् मेरी माटी मेरा देष अभियान के तहत् नगर निगम द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में देष के लिये अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों के नामों की अंकित षिलाफलकम (स्मारक पट्टिका) का सांसद राजबहादुरसिंह, विधायक शैलेन्द्र जैन, कलेक्टर दीपक आर्य, नगर निगम आयुक्त चंद्रषेखर शुक्ला सहित जनप्रतिनिधियों और शहीदों के परिजनों ने लोकार्पण किया तत्पष्चात् वसुधावंदन के तहत् निर्मित की गई अमृत वाटिका में विभिन्न प्रजातियों के 75 पौधों का पौधारोपण किया।

# सड़क दुर्घटना में घायल बाईक सवार को अस्पताल पहुंचाने के साथ रुपये और मोबाईल भी सुरक्षित किये वापिस



**खुरई।** खुरई 108 एंबुलेस इलाज के साथ साथ ईमानदारी की दी मिसाल पेष की है। दरअसल मोटरसाईकिल सवार प्रमोद अहिरवार 30 साल निवासी सिलोधा जो की अपनी मोटरसाईकल एमपी 15एनजी 5425 पर सवार होकर सिलौधा से बीना की तरफजा रहा था। खुरई मिशन अस्पताल के पास पशु से टकरा गया और घायल हो गया। सूचना के बाद खुरई 108 एम्बुलेंस 108 पायलट मनोज राय ईएमटी काशीराम पटेल घटना स्थल पर पहुंचे और मरीज को प्राथमिक उपचार दिया। वहीं घायल प्रमोद के 510 रुपये भी गिर गए और एंड्राइड मोबाइल मिला। ऐंबूलेंस 108 के स्टाफ ने परिजनों को पैसे और मोबाईल सुरक्षित लौटाकर एक बार फिर एक ईमानदारी की मिषाल पेष की है। घटना 15 अगस्त की बताई जा रही है। ऐसे ही सेवा भाव व ईमानदारी को लेकर 15 अगस्त को इसी स्टाफको सुपर हीरो सम्मान दिया गया है।

# राष्ट्र एवं विश्व कल्याण हेतु सवा लाख बेलपत्र चढ़ावाने हेतु अनुष्ठान की तैयारियां शुरू

## सावन माह के सोमवार को भव्य अनुष्ठान



**सागर।** उपनगरी क्षेत्र मकरोनिया के श्री राम दरबार मंदिर में नर्मदेश्वर महादेव को चढ़ेंगे सवा लाख बेलपत्र पंडित केशव महाराज जी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान शिव को सवा लाख बेलपत्र राष्ट्रीय में विश्व कल्याण हेतु समर्पित किए जा रहे हैं इसी संदर्भ में आज मंदिर में भक्तो के द्वारा तैयारियां शुरू हो गई महाराज जी ने कहा कि शास्त्रों में वर्णित है कि पवित्र श्रावण माह में भगवान शिव को बेलपत्र चढ़ाने का विशेष महत्व है, एक बेल पत्र चढ़ाने से 3 जन्मों के किए हुए पाप क्षणभर में नष्ट हो जाते हैं जो मनुष्य सवा लाख बिल्वपत्र भगवान को समर्पित करता है भगवान शिव की कृपा से उसकी सारी कामना है भगवान शिव पूर्ण करते हैं, वहीं कार्यक्रम में उपस्थित अभिषेक गौर राजा रिछारिया इंजीनियर महेंद्र गोस्वामी जी ने बताया भगवान शिव जी को बिल्वपत्र की गिनती प्रारंभ हो गई और सोमवार को सभी भक्तो के द्वारा सवा लाख बेलपत्र भगवान शिव जी को समर्पित किए जाएंगे बेल पत्री की गिनती करने वालों में मुख्य रूप से सुरेंद्र सुहाने उतम सिंह ठाकुर अजीत सिंह भैंसा, पं आर एन दुबे,सीता राम जी सेन, अखिलेश गौर नितिन राठौर हेमंत रैकवार रिंकू सूर्यांश अनेक भक्तगणों सहित मातृ शक्ति उपस्थिति रही ।

# खुरई में 32 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## मोबाईल की सिम गायब, पुलिस जांच में जुटी

खुरई। शहरी थाना क्षेत्र के जगजीवन राम वार्ड में रहने वाले 32 वर्षीय मनोज पटेल ने अपने बंद कमरे में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है। मृतक के भाई बसंत पटेल ने बताया कि कमरे के अंदर से टीवी की आवाज आ रही थी। जब दरवाजा खटखटाया तो कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद वह अपनी दुकान में चला गया। रोजाना उसका भाई मनोज भी डोसा की दुकान पर आ जाता है। जब परिजनों ने खिड़की से देखा कि मनोज पंखे पर फांसी के फंदे पर झूल रहा है।



इसके बाद घर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। दरवाजे को तोड़कर शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा है। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मृतक के भाई ने बताया कि उसके भाई ने फांसी क्यों लगाई है इसका कारण अज्ञात है लेकिन उसके भाई के मोबाइल से सिम गायब मिली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पत्नि ने पति पर कराया दहेज प्रताड़ना व मारपीट का मामला दर्ज

**खुरई।** देहात थाना खुरई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सहोद्रबाई राय वार्ड निवासी 20 वर्षीय भावना पति वीरेन्द्र सेन ने अपने ही पति वीरेन्द्र सेन के खिलाफ मारपीट और दहेज के लिये प्रताड़ित करने का मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट के अनुसार भावना बीना थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी है दो वर्ष पूर्व ही वीरेन्द्र से उसकी शादी हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद से ही वह दहेज की मांग को लेकर गाली गलौच करता और मारपीट करता रहा। पीड़िता ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से लगातार मारपीट कर रहा है। गुरुवार शुक्रवार की दरमियानी रात उसने बहुत गाली गलौच करते हुये मारपीट की जिससे उसे कई चोटें आई है। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वीरेन्द्र के खिलाफमारपीट व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाई प्रारंभ कर दी है।

# तिलकगंज से 13 भैंसों को जप्तकर गौशाला भिजवाया, शनीचरी वार्ड से 7 पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट किया

***सागर।*** *सागर नगर की स्वच्छता एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से पशु विचरण मुक्त क्षेत्र सागर से डेरियों को शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्यवाही की जा रही है, शुक्रवार को नगर निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त राजेश सिंह की उपस्थिति में हुई कार्रवाई के तहत तिलकगंज क्षेत्र में मुख्य मार्गों पर विचरण करने वाली 13 भैंसों को जप्तकर गौशाला भिजवाया गया इसके साथ ही शनिचरी वार्ड से 7 पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट किया गया, कुल 20 पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्यवाही की गई।*

*निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने डेयरी संचालकों से अनुरोध किया है कि जिन डेयरी संचालकों ने अभी तक अपने जानवरों को शहर से बाहर अथवा विस्थापन स्थल रतौना में शिफ्ट नहीं किया है वे जल्दी से जल्दी अपनी डेयरी को शिफ्ट कर लेवे अन्यथा पशु विचरण मुक्त क्षेत्र सागर में पशुओं के विचरण करते हुए पाए जाने पर प्रति जानवर रू. 1 हजार जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी जिसके लिए डेयरी संचालक स्वयं उत्तरदायी होंगे। उन्होंने नगर निगम के सभी जोन प्रभारी, उपयंत्री एवं वार्ड दरोगाओं को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने वार्ड मे शेष रह गयी डेरियो को शहर से बाहर विस्थापित करने की कार्रवाई में तेजी लाएं तथा प्रतिदिन की गई कार्रवाई से अवगत करावे।*



# किआरा आडवाणी ने ब्लैक कट-आउट ड्रेस में शेयर कीं ऐसी तस्वीरें...



बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा किआरा आडवाणी ने अपनी अदायगी से लाखों लोगों को अपना दीवाना बना लिया है। एक्टिंग के अलावा वह खूबसूरती में बड़ी-बड़ी अभिनेत्रियों को टक्कर देती हैं। इन दिनों उनकी ग्लैमरस तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। किआरा आडवाणी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी हसीन फोटोज शेयर कर इंटरनेट का पारा बढ़ा देती हैं। हाल ही में, उन्होंने कुछ ऐसा ही किया है। किआरा ने अपनी गॉर्जियस तस्वीरों से फैंस का दिल धड़का दिया है।किआरा आडवाणी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। एक्ट्रेस ने कातिल अदाएं बिखरेते हुए एक से बढ़कर एक पोज दिये। किआरा ने अपने ग्लैमरस फोटोशूट में ब्लैक कलर की लॉन्ग थाई-हाई स्लिट कट-आउट ड्रेस में ढेर सारे पोज दिये। एक्ट्रेस ने अपने लुक को स्लीक हेयर बन से पूरा किया। मिनिमल मेकअप में किआरा हुस्न की बिजलियां गिरा रही हैं।

# फैंस ने की शोभिता धूलिपाला से 'डॉन' की 'रोमा' बनने की मांग...!



'डॉन' में रोमा का किरदार फिल्म के सबसे मशबूर पात्रों में से एक है। यह कहा जा सकता है कि बिना इस कैरेक्टर के डॉन की हर फिल्म अधूरी है।ओरिजनल डॉन में इस किरदार को जीनत अमान ने निभाया था। वहीं, फरहान अख्तर की फिल्मों में इस रोल को प्रियंका चोपड़ा ने अदा किया था। हाल ही में फिल्म के तीसरे भाग की घोषणा की गई है, जिसके बाद से ही लोग इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। इस फ्रेंचाइजी के अगले पार्ट में रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। हालांकि, लीड एक्ट्रेस को लेकर अब तक आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। मीडिया रिपोर्ट में सामने आया है कि फिल्म में कृति सेनन मुख्य किरदार में नजर आ सकती हैं, लेकिन शोभिता धुलिपाला के फैंस चाहते हैं कि वह इस किरदार को निभाएं। सोशल मीडिया पर अब तक बड़ी संख्या में फैंस शोभिता को इस रोल में देखने की डिमांड कर चुके हैं। दरअसल, हाल ही में एक्ट्रेस ने आस्क मी ए क्वेश्चन का सेशन रखा था। इस दौरान उनसे एक फैन ने पूछा कि आपको मैं डॉन 3 में देखना पसंद करूंगा। इस पर जवाब देते हुए शोभिता ने कहा, ''डॉन के बारे में इतने सारे सवाल। मैं इस पर क्या ही कह सकती हूं। रोमा का किरदार निभाना जाहिर तौर पर मेरे लिए सपने जैसा होगा।'' वहीं, 'मेड इन हेवन सीजन 2' के बारे में बात करते हुए शोभिता धूलिपाला ने कहा, ''मेड इन हेवन सीजन 2 में तारा के रूप में वापस आना अद्भुत लगता है। मेरे लिए तारा की यात्रा आकर्षक और चुनौतीपूर्ण दोनों रही है, क्योंकि वह आदिल और फैजा के साथ भव्य शादियों की योजना बनाते समय अपने निजी जीवन को आगे बढ़ाती है।''

# गुस्सा आने पर अभिषेक बच्चन को कुछ इस तरह संभालती हैं पत्नी ऐश्वर्या राय... एक्टर ने किया खुलासा



घूमर एक्टर अभिषेक बच्चन अपनी नई फिल्म को लेकर काफी सुर्खियां बटोर रहे हैं. धूम, धूम 2, गुरु, बंटी और बबली, रावण, कभी अलविदा ना कहना और रन जैसी सफल फिल्मों में अपनी एक्टिंग के लिए जाने जाने वाले अभिनेता अभिषेक बच्चन बड़े पर्दे पर धमाकेदार वापसी कर रहे हैं. अभिषेक बच्चन की हालिया फिल्म घूमर ने फैंस से काफी तारीफ बटोरी है. अभिषेक अपनी फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं और अपनी नई फिल्म के बारे में चर्चा करने के अलावा अभिषेक ने अपनी पत्नी ऐश्वर्या राय बच्चन के बारे में भी खुलकर बात की. एक इंटरव्यू में बातचीत के दौरान अभिषेक ने बताया कि कैसे ऐश्वर्या उनके गुस्से को काबू में रखने में उनकी मदद करती हैं. उन्होंने शेयर किया, ''एक थका देने वाले दिन के बाद, छोटी-मोटी परेशानियां आप पर हावी हो सकती हैं, जैसे कि मुंबई का ट्रैफिक... हालांकि, ऐश्वर्या के पास मुझे शांत करने का एक तरीका है. अभिषेक ने खुलासा किया कि ऐश्वर्या उन्हें कैसे शांत करती हैं. उन्होंने खुलासा किया कि वह कहती हैं, ''क्यों गुस्सा तुम पर हावी हो जाता है? बस एक गहरी सांस लें. आप शांत घर लौट आए हैं''. अभिनेता ने बताया कि कोविड के दौरान उनके पिता, पत्नी, बेटी और वह सभी बीमारी के कारण एक साथ अस्पताल में भर्ती हुए थे.

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com .